


# SGS आपूर्तिकर्ता आचार संहिता

# विषय - सूची


3 मुख्य कार्यकारी अधिकारी का संदेश

4 परिचय

4 उद्देश्य

4 संभावना और कार्यान्वयन

5 SGS आपूर्तिकर्ता आचार संहिता में अंतर्निहित 4 सिद्धांत

8 संदर्भ



संस्करण 3.0 मार्च 2024 मूल रूप से अंग्रेजी में प्रकाशित दस्तावेज़ का अनुवाद।
विसंगति के मामले में, अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

# मुख्य कार्यकारी अधिकारी का संदेश

**प्रिय आपूर्तिकर्ता,**

SGS अपनी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के माध्यम से संवहनीयता का समर्थन करती है और अपने कॉर्पोरेट स्थिरता प्रदर्शन पर नियमित और ईमानदार रिपोर्ट प्रकाशित करती है। SGS के लिए आपूर्तिकर्ता महत्वपूर्ण हितधारक हैं और हम उच्चतम सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरण संबंधी मानकों क पहुंचने के लिए निरंतर वार्तालाप में शामिल होने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

यह SGS आपूर्तिकर्ता आचार संहिता ("कोड") हमारे ज़िम्मेदार सोर्सिंग दृष्टिकोण का आधार स्थापित करती है। यह न केवल उन अपरक्राम्य न्यूनतम मानकों को परिभाषित करती है, जिनका हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से SGS के साथ व्यापार करते समय सम्मान करने के लिए कहते हैं, बल्कि SGS, उसके विभिन्न व्यवसायों और सहयोगियों में साझा किए जाने वाले मूल्यों के भाव को भी परिभाषित करती है और हम अपने आपूर्तिकर्ताओं को इसका पालन करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

एक उद्योग लीडर के रूप में, हम खुद को पेशेवर व्यवहार के उच्चतम स्तर पर बनाए रखते हैं। हमें विश्वास है कि यह संहिता हमारे स्थिरता के एजेंडे के कार्यान्वयन को सुगम बनाती है, हमें पारदर्शी और नैतिक व्यवहार की ओर ले जाती है और कॉर्पोरेट स्थिरता प्रबंधन और नेतृत्व में SGS की विश्वसनीयता को बढ़ाती है।



Géraldine Picaud
Chief Executive Officer

# परिचय

# उद्देश्य

यह संहिता SGS 6 व्यावसायिक सिद्धांतों और संवहनीय व्यवसाय के लिए 10 मार्गदर्शक सिद्धांतों पर आधारित है। यह चार संवहनीय सिद्धांतों - व्यावसायिक उत्कृष्टता, लोग, पर्यावरण और समुदाय - में संगठित है - संवहनीय सिद्धांत उन मूल्यों को जबूत करते हैं, जिन्होंने SGS संस्कृति को आकार दिया है। भरोसा, ईमानदारी और पारदर्शिता, जवाबदेही, निष्पक्षता और सम्मान आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उस वक़्त थे जब करीब 140 साल पहले SGS की स्थापना की गई थी।

संहिता में उल्लिखित संवहनीय सिद्धांतों को व्यवसाय से जुड़े प्रबंधकों के साथ-साथ बाहरी हितधारकों से परामर्श करके विकसित किया गया है। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सर्वोत्तम व्यवहार संरचना के प्रति भी बेंचमार्क किया गया है। हम अपनी मानवाधिकारों की प्रतिबद्धता मानवाधिकारों के अंतर्राष्ट्रीय विधेयक पर आधारित करते हैं, जिसमें संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकारों की घोषणा, नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय नियम, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय नियम कार्य स्थल पर अधिकारों के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन का बुनियादी कन्वेन्शन | हम बहुराष्ट्रीय उद्यमों के लिए ओईसीडी दिशानिर्देशों का समर्थन करते हैं।

अंत में, ये स्थिरता सिद्धांत SGS के लिए स्थिरता से जुड़े सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों को दर्शाते हैं, जैसा कि हमारी व्यापक भौतिकता प्रक्रिया के माध्यम से विश्लेषण किया गया है और परिणामस्वरूप भौतिकत्व मैट्रिक्स में व्यक्त किया गया है। प्रत्येक संवहनीय सिद्धांत हमारी नीतियों और अखंडता की SGS संहिता द्वारा नियंत्रित किया जाता है, जिन पर SGS के कठोर मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए औपचारिक रूप से निगरानी रखी जाती है।

# संभावना और कार्यान्वयन

यह संहिता सभी SGS आपूर्तिकर्ताओं (SGS को उत्पाद या सेवा प्रदान करने वाले व्यक्ति या कंपनी के रूप में परिभाषित) और उनके सहयोगियों के साथ-साथ SGS द्वारा खरीदे जाने वाले सभी उत्पादों एवं सेवाओं पर लागू होती है। हम अपने आपूर्तिकर्ताओं को इस बात के लिए प्रोत्साहित करते हैं कि वे इस संहिता की आवश्यकताओं को अपनी आपूर्ति श्रृंखला में बढ़ावा दें, और हम ऐसा करने आपूर्तिकर्ताओं को सम्मानित करेंगे।

### हम अपने आपूर्तिकर्ताओं के साथ कैसे काम करते हैं

हमारे पास आपूर्तिकर्ताओं की एक व्यापक और विविध श्रृंखला है। हमने अपनी आपूर्ति श्रृंखला में जोखिम को पहचानने, उसका आकलन और प्रबंधन करने के लिए एक व्यापक लेकिन लचीली 3 चरण वाली प्रक्रिया विकसित की है, जैसा कि हमारे 4 संवहनीय सिद्धांतों द्वारा परिभाषित किया गया है। यह हमें अधिकतम जोखिम और अधिकतम संभावित लाभ के क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने देती है। यह हमें जोखिम को कम करने और लाभों को अधिकतम करने के लिए अपने आपूर्तिकर्ताओं के साथ सहयोगात्मक रूप से कार्य करने में सक्षम बनाती है।

#### चरण 1 - जांच (स्क्रीनिंग )

हम निम्नलिखित मापदंडों पर ध्यान देते हुए अपने आपूर्तिकर्ताओं की प्रारंभिक जांच करते हैं:

- मानव अधिकारों या श्रम कार्यों के लिए संभावित खतरों को ध्यान में रखने के लिए मूल देश
- आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रदान किए जाने वाले उप-श्रेणी के सामान या सेवाएं
- आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रति वर्ष किया जाने वाला खर्च

#### चरण 2 - पूर्व-योग्यता

हमारी वैश्विक मानक खरीद 'पूर्वयोग्यता प्रक्रिया' में एक आत्म-मूल्यांकन प्रश्नावली शामिल है, जो हमारे 4 संवहनीय सिद्धांतों में निर्दिष्ट आपूर्तिकर्ताओं के लिए SGS की आवश्यकताओं पर कई महत्वपूर्ण प्रश्नों को कवर करती है। हम नियमित रूप से, संभावित नए और मौजूदा आपूर्तिकर्ता दोनों के लिए इस प्रश्नावली का उपयोग करते हैं।

#### चरण 3 - ऑडिट

जिन आपूर्तिकर्ताओं के संबंध में यह पाया गया है कि वे उच्चतम संभावित जोखिम (पिछले दो चरणों के आधार पर) उत्पन्न कर सकते हैं, उनका SEDEX द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ऑडिट किया जाता है।

### निरंतर सुधार और निगरानी

इस संहिता में स्थापित मानकों तक पहुंचना एक गतिशील प्रक्रिया है और SGS आपूर्तिकर्ताओं को अपने कार्यों में लगातार सुधार करने के लिए प्रोत्साहित करती है। यदि सुधार आवश्यक है, तो SGS अनिवार्य और पसंदीदा कार्य प्रणाली प्राप्त करने के लिए माइलस्टोन और प्रणालियों की स्थापना पर सलाह देगी।

SGS आपूर्तिकर्ताओं से संबंधित जानकारी प्रदान करने की मांग करके और तृतीय पक्षों द्वारा ऑडिट और

SGS कर्मियों की विज़िट द्वारा उस आचार संहिता में निर्धारित मानकों के साथ आपूर्तिकर्ताओं के अनुपालन की लगातार निगरानी करेगी।

SGS संहिता का पालन नहीं करने वाले आपूर्तिकर्ता साथ अनुबंध समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

### एक आशंका उठाना

SGS स्वयं, अपने संबद्धों, अधिकारियों और कर्मचारि-यों को SGS कोड ऑफ इंटेग्रिटी में दिए गए सर्वोच्च नैतिक मापदंडों के ले जवाबदेह मानती है। अगर किसी कारण से, सप्लायर्स के पास एक SGS प्रतिनिधि द्वारा SGS कोड ऑफ इंटेग्रिटी के संभावित उल्लंघनों के बारे आशंकाएं हैं, वे मामले को SGS चीफ कम्प्लायंस ऑफिसर के पास यहां उठा सकते हैं:

SGS SA / SGS के ध्यान देने के लिए

Chief Compliance Officer / 1 Place des Alpes, P.O. Box 2152, CH 1211 Geneva 1

या हमारी इंटेग्रिटी हेल्पलाइन के द्वारा:

integrityhelpline.sgs.com

फोन +1 (800) 461-9330 (टोल फ्री नंबर/लाइन 24 घंटे खुली है, प्रत्येक दिन)

+41 (0) 22 739 91 00

फैक्स +41 (0) 22 739 98 81 (लाइन का जिनेवा में व्यवसाय घंटों के दौरान उत्तर दिया जाता है)

SGS यह सुनिश्चित करेगी कि किसी सप्लायर को SGS कोड ऑफ इंटेग्रिटी के एक उल्लंघन की अच्छे विश्वास के साथ दी गई रिपोर्ट के लिए प्रतिशोध या विपरीत परिणामों का सामना न करना पड़े।

# अंतर्निहित 4 सिद्धांत
# SGS आपूर्तिकर्ता आचार संहिता

## व्यावसायिक उत्कृष्टता - अखंडता सुनिश्चित करना

SGS उच्चतम स्तर की अखंडता बनाए रखती है। हमारी प्रतिष्ठा दशकों तक हमारे मूल्यों के दृढ़ अनुपालन द्वारा निर्मित की गई है, और हमारे ग्राहकों और एक दूसरे के प्रति यह कर्तव्य है कि हम इस उच्च मानक को बनाए रखें।

इसलिए हम प्रत्येक आपूर्तिकर्ता से हमारे मूल्यों का सम्मान करने की अपेक्षा रखते हैं।

### कानून और नियमों का अनुपालन

आपूर्तिकर्ता उन सभी लागू कानूनों और नियमों का पालन करेंगे जिनके तहत वे काम करते हैं। इसमें अंतर्राष्ट्रीय कानूनों (अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, डेटा संरक्षण और ट्रस्ट / प्रतिस्पर्धा विरोधी कानूनों सहित) सहित देश के कानून और पर्यावरण संबंधी कानूनी आवश्यकताएं शामिल हैं, जहां आपूर्तिकर्ता काम करते हैं।

इसके अलावा SGS अपने आपूर्तिकर्ताओं को अंतरराष्ट्रीय और उद्योग मानकों और उच्चतम व्यवहारों का अनुपालन करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

आपूर्तिकर्ता के लिए उचित रूप से अधिकृत किसी भी आंतरिक या बाह्य जांच में पूरी तरह से सहयोग करना आवश्यक है और उसे किसी उपयुक्त प्राधिकृत जांच संबंध में संबंधित सूचनाओं को न कभी रोकना चाहिए, न उनसे छेड़छाड़ करनी चाहिए या न उन्हें प्रकट करने में विफल रहना चाहिए।

जहां कानून के प्रावधान और यह संहिता एक ही विषय के बारे में बात करते हों, वहां उस प्रावधान को लतगू किया जाना चाहिए जो अधिक से अधिक संरक्षण देता है।

### रिश्वत और भ्रष्टाचार

भ्रष्टाचार, जबरन वसूली, और गबन फिर चाहे किसी भी रूप में हों पूरी तरह से निषिद्ध हैं। रिश्वत या अनावश्यक या अनुचित लाभ प्राप्त करने के अन्य साधनों की न पेशकश की जाती है या न उन्हें स्वीकार किया जाता है। आपूर्तिकर्ता के पास पूरी कंपनी में लागू आचार संहिता होगी, जिसमें भ्रष्टाचार को खत्म करने के उपाय भी शामिल होंगे और साथ ही उपयुक्त व्हिसल ब्लोविंग प्रक्रिया भी शामिल होगी।

किसी भी परिस्थिति में आपूर्तिकर्ता रिश्वत या सुविधा भुगतान की न पेशकश करेगा, या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई लाभ देगा, या किसी शासकीय अधिकारी को उसका निर्णय को प्रभावित करने के उद्देश्य से उपहार या मनोरंजन की पेशकश करेगा या SGS के लिए अनुचित लाभ के लिए आपूर्तिकर्ता को प्रोत्साहित करेगा।

इन सिद्धांतों के उल्लंघन के परिणामस्वरूप SGS के साथ व्यापारिक संबंधों को तत्काल समाप्त किया जाएगा और सक्षम अधिकारियों को सूचित किया जा सकता है।

### हितों का टकराव

SGS के साथ लेनदेन के दौरान आपूर्तिकर्ता सभी तरह के हितों के टकराव से दूर रहेंगे।

SGS के साथ किसी भी व्यावसायिक लेन-देन में हितों के ऐसे टकराव, जिसके बारे में आपूर्तिकर्ता को पता है, उनकी सूचना SGS को दी जाएगी ताकि वह उचित कार्रवाई कर सके। विशेष रूप से, आपूर्तिकर्ता किसी भी परिस्थिति में SGS के साथ व्यवसाय करने के बदले में SGS कर्मचारियों या प्रतिनिधियों को कोई भुगतान या व्यक्तिगत लाभ प्रदान नहीं करेगा। आपूर्तिकर्ता को प्रोत्साहित किया जाता है कि वो SGS कर्मचारियों द्वारा व्यक्तिगत लाभ प्राप्त करने के किसी भी अनुरोध या प्रयास की सूचना SGS मुख्य अनुपालन अधिकारी को दे।

### वित्तीय अभिलेख, धन शोधन और भेदिया कारोबार

सभी व्यावसायिक और वाणिज्यिक लेनदेन अनुबंधित विक्रेता, आपूर्तिकर्ता या अन्य तृतीय पक्ष के नाम से दर्ज किए जाते हैं और हम ऑडिट या साक्ष्य तक पहुंच के मामले में पूर्ण सहयोग की अपेक्षा करते हैं। SGS के बारे में आपूर्तिकर्ता के पास मौजूद किसी भी गोपनीय जानकारी का उपयोग भेदिया कारोबार में शामिल या उसका समर्थन करने के लिए नहीं किया जाएगा।

### SGS परिसंपत्ति जानकारी और बौद्धिक संपदा की सुरक्षा करना

यह आपूर्तिकर्ता का कर्तव्य है कि वो SGS परिसंपत्तियों और उसकी निधियों की सुरक्षा करे और उनका उपयुक्त इस्तेमाल करें। आपूर्तिकर्ता को SGS परिसंपत्तियों या संसाधनों का इस्तेमाल SGS को सामान या सेवा की आपूर्ति करने के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए करने की अनुमति नहीं है।

SGS द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी जानकारियों का उपयोग केवल उसके अभिप्रेत और निर्दिष्ट उद्देश्य के लिए किया जाएगा। आपूर्तिकर्ता को बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान करना चाहिए और SGS स्वामित्व संबंधी जानकारी की रक्षा करनी चाहिए; प्रौद्योगिकी और कार्य करने के तरीके की जानकारी का हस्तांतरण ऐसे तरीके से होना चाहिए जिससे बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा हो सके।

### प्रतिनिधित्व

आपूर्तिकर्ता के पास ऐसी प्रक्रियाएं होंगी जो सुनिश्चित करें कि उसके कार्यबल या प्रतिनिधि एजेंट द्वारा SGS का प्रतिनिधित्व उस समय SGS ब्रांड दिशानिर्देशों और सोशल मीडिया नीति का पालन करे जब वह किसी ऐसे वार्तालाप में शामिल हों जहां वे यह उजागर करते हैं कि वे SGS के लिए कार्य करते हैं। विशिष्ट दिशा निर्देश आपूर्तिकर्ताओं के लिए यह आवश्यक बनाते हैं कि वे:

- अच्छा निर्णय लें - केवल ऐसी सामग्री साझा करें, जिसे आप अपने प्रबंधक, अपने सहयोगियों या किसी अखबार के पहले पन्ने पर साझा करने में सहज महसूस करेंगे
- मूल्य जोड़ें - कार्य से संबंधित सामग्री साझा करते समय, अपने नेटवर्क से प्रासंगिक उपयोगी जानकारी या अंतर्दृष्टि प्रदान करें
- गोपनीयता महत्वपूर्ण है - गोपनीय और स्वामित्व संबंधी जानकारी सीधे या लिखित रूप में या ऑनलाइन साझा न करें
- पारदर्शिता महत्वपूर्ण है - अपने आप को पहचानें और यदि हमारी गतिविधि के बारे में बात कर रहे हैं, तो यह बताएं कि आप SGS के लिए काम करते हैं
- अपने दर्शकों का सम्मान करें - किसी भी ऐसे आचरण में शामिल न हों, जो कार्यस्थल पर स्वीकार्य नहीं होगा। आपका व्यवहार SGS के व्यावसायिक सिद्धांतों के अनुरूप होना चाहिए

### नैतिक व्यावसायिक आचरण

आपूर्तिकर्ता प्रतिस्पर्धी और निष्पक्ष बाजार व्यवहार का उपयोग करके अपने व्यवसाय का संचालन करेगा। उसे अपने प्रतिस्पर्धियों के साथ किसी भी ऐसे समझौते या अनुबंध में शामिल नहीं होना चाहिए जिससे कि उस बाजार जिसमें वह कार्य करता है पर पक्ष लेने या अनुचित प्रभाव डालने का असर हो।

आपूर्तिकर्ता को गैरकानूनी या अनैतिक साधनों का उपयोग करके प्रतिस्पर्धियों के बारे में गोपनीय जानकारी प्राप्त नहीं करनी चाहिए।

SGS के लिए सामान या सेवाओं की खरीद के संबंध में किसी प्रतिस्पर्धी निविदा में भाग लेते समय, आपूर्तिकर्ता कीमतों या बाजार आवंटन के बारे में अपने प्रतिस्पर्धियों के साथ किसी समझौते तक पहुंचने का प्रयास नहीं करेगा, या अन्यथा प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया को अनुचित तरीके से प्रभावित करने का प्रयास नहीं करेगा। इस सिद्धांत के अनुपालन में विफलता के परिणामस्वरूप SGS के साथ व्यावसायिक संबंधों को तत्काल समाप्त किया जाएगा।

## व्यक्ति

SGS मानवाधिकारों की सुरक्षा का समर्थन करता है और उनका सम्मान करता है। हम नैतिक रूप से कार्य करने में विश्वास करते हैं और मानवीय मर्यादा का सम्मान करते हैं। हम अपने संचालन पर मानवाधिकारों के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभावों का निरंतर आकलन करते हैं और व्यवसाय एवं मानवाधिकारों पर यूएन मार्गदर्शक सिद्धांतों के तहत अपनी जिम्मेदारियों को पहचानने का प्रयास करते हैं। इसके अलावा, हम एक सुरक्षित और महफूज कार्य वातावरण प्रदान करते हैं, और हमारे कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देते हैं। हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारे कर्मचारियों के पास अपने कर्तव्यों को सुरक्षित रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण और उपकरण हैं।

इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता उस प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा और मानवाधिकारों का सम्मान करें जिनके साथ वे जुड़े हैं, जैसे कि कर्मचारी, स्थानीय समुदाय, आपूर्तिकर्ता, और अन्य हितधारक। साथ ही हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से उम्मीद करते हैं कि वे अपने संगठन के भीतर और अपने द्वारा प्रदान किए जाने वाले उत्पादों एवं सेवाओं के संबंध में स्वास्थ्य और सुरक्षा की देखभाल के अपने कर्तव्यों पूरा करेंगे। वैसे तो, SGS अपने आपूर्तिकर्ताओं को ISO26000 मानक के लिए संरेखण की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

### अनैच्छिक श्रम और मानव तस्करी की रोकथाम

सभी कार्य स्वैच्छिक होने चाहिए और मजदूर काम छोड़ने या उचित नोटिस के साथ अपने रोजगार को समाप्त करने के लिए स्वतंत्र होंगे। आपूर्तिकर्ता मानव तस्करी नहीं करेगा या किसी भी प्रकार के दास, जबरन बंधुआ मजदूरी, ठेके पर काम करवाना, या मजदूरों को कैद करने आदि में शामिल नहीं होगा। आपूर्तिकर्ता यह सुनिश्चित करेगा कि मजदूर उपलब्ध करवाने वाली तृतीय पक्ष एजेंसियां संहिता के प्रावधानों का पालन करती हैं।

### विविधता को बढ़ावा देना और भेदभाव से बचना

आपूर्तिकर्ता विविधता का सम्मान करेंगे और उनके पास अपने नेटवर्क में विविधता को बढ़ावा देने के लिए स्थापित कार्यक्रम होंगे। आपूर्तिकर्ताओं को उत्पीड़न और भेदभाव से मुक्त कार्यबल के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। आपूर्तिकर्ता किसी को नौकरी पर रखने और पदोन्नति, पुरस्कार एवं प्रशिक्षण तक पहुंच जैसे रोजगार संबंधी व्यवहारों में जाति, रंग, उम्र, लिंग, यौन अभिविन्यास जातीयता, विकलांगता, गर्भावस्था, धर्म, राजनीतिक जुड़ाव, यूनियन सदस्यता या वैवाहिक स्थिति के आधार पर भेदभाव नहीं करेंगे।

### निर्धारित आयु से कम उम्र वाले श्रमिकों की रोकथाम और युवा मजदूरों की सुरक्षा

बाल श्रम पूरी तरह से निषिद्ध है। आपूर्तिकर्ता बच्चों को रोजगार नहीं देगा। रोजगार या काम के लिए न्यूनतम आयु 16 वर्ष होगी, उस देश में रोजगार के लिए न्यूनतम आयु या उस देश में अनिवार्य शिक्षा पूरी करने की आयु, जो भी अधिक हो। जिन युवा मजदूरों को रोजगार दिया जाता है उसे ऐसे काम नहीं करवाने चाहिए जो मानसिक, शारीरिक, सामाजिक या नैतिक रूप से खतरनाक या हानिकारक हैं या उन्हें स्कूल जाने के मौके से वंचित रखते हुए उनकी स्कूली शिक्षा में हस्तक्षेप करते हैं।

### उचित मजदूरी

आपूर्तिकर्ता को मजदूरों को कम से कम लागू न और नियमों द्वारा आवश्यक न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करना चाहिए और कानूनी रूप से अनिवार्य सभी लाभ प्रदान करने चाहिए। क्षतिपूर्ति, काम के घंटे, छुट्टी का समय, छुट्टी की अवधि और अवकाश सहित सभी रोजगार की शर्तें लागू कानूनों और नियमों और अनिवार्य उद्योग मानकों के अनुरूप होनी चाहिए, जो भी उच्चतम है।

### निष्पक्ष व्यवहार

शारीरिक शोषण या अनुशासन, शारीरिक शोषण का खतरा, यौन या अन्य उत्पीड़न और मौखिक दुर्व्यवहार या धमकी के अन्य रूपों को निषिद्ध किया जाएगा।

कारखाने के नियम और अनुशासनिक उपायों के बारे मजदूरों को उचित और स्पष्ट रूप में इस प्रकार बताया जाएगा जिससे वह सहमत हों। सभी अनुशासनात्मक उपायों को दर्ज किया जाएगा

### कार्य घंटे

किसी भी परिस्थिति में कार्य सप्ताह लागू कानूनों और नियमों के तहत अधिकतम अनुमत से अधिक नहीं होगा। मजदूरों द्वारा किया जाने वाला ओवरटाइम स्वैच्छिक आधार पर है। आपात या असामान्य स्थितियों (जैसे शिफ्ट पैटर्न) को छोड़कर कार्य सप्ताह ओवरटाइम सहित 60 घंटे तक सीमित रहेगा, और मजदूरों को हर सात दिनों में कम से कम एक दिन अवकाश मिलेगा।

### जुड़ाव और सामूहिक सौदाकारी की आज़ादी

आपूर्तिकर्ता कर्मचारियों के स्वतंत्र रूप से संबद्ध, संगठित होने और सामूहिक सौदाकारी के अधिकारों को पहचानेगा और उनका सम्मान करेगा। ऐसी स्थितियों में जहां जुड़ाव की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदाकारी का अधिकार कानून के तहत प्रतिबंधित है, आपूर्तिकर्ता मजदूरों को स्वतंत्र रूप से अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करने की अनुमति देगा।

### कार्य के दौरान लगने वाली चोट की रोकथाम

आपूर्तिकर्ता जहां संभव हो वहां भौतिक खतरों को समाप्त करेगा । आपूर्तिकर्ता संभावित खतरों की पहचान करेगा, आंकेगा कि कौन से खतरे नुकसान पहुंचा सकते हैं, जोखिम का मूल्यांकन करेगा और उनकी गंभीरता कम करने की कार्य-योजना विकसित करेगा। सभी मामलों में, आपूर्तिकर्ता मजदूरों को उपयुक्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण निशुल्क प्रदान करेगा। मजदूर नियमित और अभिलिखित स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, और इस तरह के प्रशिक्षण को नए या ऐसे मजदूरों के लिए दोहराया जाएगा, जिन्हें पुनः कोई काम सौंपा गया है। सुरक्षा संबंधी मुद्दों को उठाने के लिए मजदूरों पर अनुशासनिक कार्रवाई नहीं की जाएगी और उनके पास तब तक प्रतिशोध के भय के बिना असुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों को अस्वीकार करने का अधिकार होगा, जब तक कि प्रबंधन पर्याप्त रूप से उनकी चिंताओं को दूर नहीं कर देता।

### कामकाजी परिस्थितियां

उद्योग के प्रचलित ज्ञान और किसी भी विशिष्ट खतरे को ध्यान में रखते हुए एक सुरक्षित और स्वच्छ कार्य वातावरण प्रदान किया जाएगा। जहां तक यथोचित रूप से व्यावहारिक हो, कामकाजी वातावरण में अंतर्निहित खतरों के कारणों को कम कर कार्य के दौरान होने वाले, उससे जुड़े, या उससे उत्पन्न होने वाले खतरों के चलते होने वाल दुर्घटनाओं एवं चोट को रोकने के लिए पर्याप्त कदम उठाए जाएंगे।

कामकाजी वातावरण में प्रकाश व्यवस्था, हीटिंग और वायु संचार प्रणालियां पर्याप्त रूप से स्थापित होनी चाहिए।

आर्पूतर कर्ता को यह सुनरथ्सथ्थ्चत करना चाहिए कि कायसथ्थ्ल साफ हो और सभी कमचारियों को शौचालय तक पहुंच प्रापत हो । शौचालयों को उचित रूप से विभासथ्जत किया जाना चाहिए, उनहें पर्यापत संखया में और सथ्वचथ्छ होना चाहिए।

जहां प्रदान की जाती है वहां आवास थ्यिवसरथ्थ साफ़, सुरकषकषत होगी और मजदूरों की बुनरथ्यादी जरूरतों को पूरा करेगी।

### खतरनाक सामगर और उतथ्पाद एकथ्सपोज़र की रोकरथम

आर्पूतरकर्ता खतरनाक रासायनरक, जैविक और भौतरक एजेंटों की पहचान करेगा, उनका मूलथ्यांकन करेगा, और मजदूरों के उनसे संपर्क को नरथ्यंतरथ्त्रत करेगा और यह सुनरथ्सथ्शथ्चत करेगा कि उन्हें सुरकषकषत रूप से संभाला जाए, ले जाया जाए, भंडारण किया जाए, रीसाइसथ्कथ्लंग किया जाए, पुन: इसथ्तेमाल और नरथ्पटान किया जाए। आर्पूतरथ्कर्ता को जहां संभव हो वहां रासायनरथ्क खतरों को दूर करना चाहिए। आतरकर्ता मजदूरों को उचित थ्यिसकथ्तगत सुरकथ्षातथ्मक उपकरण नरशुलक प्रदान करेगा। आर्पूतरकर्ता खतरनाक सामगर, रसायनों और पदार्थों की पहचान करेगा।

### थ्यिावसायरथ्क सुरकषा प्रकिरथ्या और प्रणालियां

आर्पूरकर्ता कय के दौरान लगने वाली चोट और प्रबंधित करने, उसे ट्रैक करने और उसकी सूचना देने के लिए प्रकिरथ्याओं और प्रणालियां को सरथ्थपित करेगा। इस तरह की प्रकिरथ्याएं और प्रणालियां चोट और बीमारी के मामलों की मजदूरों दवारा रिपोटिंग, उनके वर्गीकरण, उनहें दर्ज करने, मामलों की जांच और उनके कारणों को दूर करने के लिए सुधारातथ्मक कय किरथ्यासथ्नथ्वत करने, आवशथ्यक चिकितथ्सा उपचार प्रदान करने को प्रोतसाहित करेंगी, और मजदूरों केलिए काम पर वापस लौटना सहज बनाएंगी। SGS आर्पूतरकर्ता से यह अपेकषा करेगा कि उसके पास अपनी सथ्वासथ्थ्य एवं सुरकषानीतर और प्रबंधन प्रणाली हो, जो आर्दश रूप से अंतरराष्ट्रीय सथ्वासथ्थ्य और सुरकषा मानक, OHSAS 18001:2007 - ISO 45001:2018 का पालन करती हो।

## पर्यावरण

SGS अपने व्यवसाय के प्रभाव के प्रबंधन के साथ संव- हनीय वृद्धि प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम प्राकृतिक संसाधनों का कुशलता से उपयोग करते हैं और कचरे को न्यूनतम रखते हैं। हमारे मानना है कि हमारे व्यवसाय की वृद्धि और हमारे पर्यावरणीय प्रभावों में सुधार करना समानांतर होना चाहिए। जलवायु परिवर्तन के अनुकूल बनने के लिए हमारी तैयारी हमारे व्यवसाय की संवहनी - यता को सुनिश्चित करेगी। हम अपनी ऊर्जा की खपत को निरंतर कम कर रहे हैं, हमारे कार्बन प्रभाव को घटा रहे हैं, और नई तकनीकों और ऑफसेटिंग स्कीमों में निवेश कर रहे हैं।

इस कारण से हम अपने सप्लायर्स से उनके व्यवसाय के प्रभावों का प्रबंधन करने के साथ संवहनीय वृद्धि प्राप्त करने की अपेक्षा करते हैं, उनके पर्यावरणीय प्रदर्शन में सुधार करने के साथ | हम सप्लाई चेन में भी समान सुधारों के लिए प्रोत्साहन देते हैं।

### पर्यावरणीय प्रबंधन प्रणालियां

SGS के जिन सप्लायर्स की गतिविधियों का एक पर्यावरणीय प्रभाव है उनके पास वायु गुणवत्ता, ऊर्जा, पानी की गुणवत्ता और खपत, कचरा और जिम्मेदार रा. सायनिक प्रबंधन सहित पर्यावरणीय प्रभावों के प्रबंधन के लिए एक ढांचागत और व्यवस्थि दृष्टिकोण होना चाहिए।

दृष्टिकोण को पर्यावरणीय सुरक्षा, लक्ष्य तय करने और फॉलो-अप के लिए उपयुक्त प्रबंधन प्रणालियां बनानी चाहिए। हम सप्लायर से अपनी पर्यावरणीय प्रबंधन प्रणाली रखने की अपेक्षा सकते हैं, जो ISO 14001:2015 या किसी अन्य अंतरराष्ट्रीय रूप से स्वीकृत मापदंड से प्रमाणित होगी।

### कम के साथ अधिक करना

हम सप्लायर से प्रदूषण रोकने और कचरे, खराब पानी और वायु उत्सर्जन को न्यूनतम करने की अपेक्षा करते हैं, उनकी व्यवसाय गतिविधियों के एक परिणाम के तौर पर सप्लायर के पास एक कचरा प्रबंधन प्रणाली होगी और वह कुशल तकनीकों का उपयोग करेगा जिनका लक्ष्य जितना अधिक संभव हो पर्यावरणीय प्रभाव कम करने का होगा। डिस्चार्ज या डिस्पोजल से पहले, सप्लायर खराब पानी, सॉलिड वेस्ड और खतरनाक कचरे को उपयुक्त तरीके से और लागू कानूनों और नियमों के अनुसार अलग करेगा ।

### एक कार्बन मुक्त भविष्य में निवेश करना

सप्लायर अपनी ऊर्जा की खपत, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जनों को न्यूनतम करने, कार्बन प्रभाव घटाने और नई तकनीकों और ऑफसेटिंग स्कीमों में निवेश करने की कोशिश करेगा। सप्लायर को प्राकृतिक संसाधनों की खपत उपयुक्त तरीके से करनी चाहिए। सप्लायर को कार्बन डिस्क्लोजर प्रोजेक्ट (CDP) से एक अच्छी रैंकिंग प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## समुदाय

SGS स्थानीय रोजगार प्रदान करके और अपने लोगों को स्थानीय परियोजनाओं में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करके संवहनीय समुदायों के निर्माण में मदद करती है हम प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के शिकार लोगों की तत्काल जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हमारा मानना है कि भोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा, आश्रय और उद्यम हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार हैं। हम स्थानीय निवेश के माध्यम से उन समुदायों के कल्याण में योगदान देते हैं, जहां हम काम करते हैं। इसलिए हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से यह अपेक्षा रखते हैं कि वे न केवल स्थानीय रोजगार प्रदान करें बल्कि स्थानीय सरकारों और समुदायों के साथ भागीदारी भी करें, ताकि उन समुदायों के शैक्षिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक कल्याण को बेहतर बनाया जा सके, जहां वे रहते हैं और सेवा प्रदान करते हैं।

### स्थानीय सामाजिक सशक्तिकरण और विकास

आपूर्तिकर्ता स्थानीय प्रतिभा को आकर्षित करने और स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान करने वाले रिश्ते निर्मित करने का प्रयास करेगा।

### जीवन सुधार की समुदाय शर्तें

आपूर्तिकर्ता को सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में सहायता के लिए समुदाय को शामिल करने और उन समुदायों की स्थिरता में योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जहां वह काम करता है।

आपूर्तिकर्ता ऐसी स्थानीय पहल में कर्मचारियों के शामिल होने का समर्थन करेगा, जो लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाती हैं।

मैं इसके द्वारा SGS सप्लायर कोड ऑफ कंडक्ट (संस्करण 3.0 मार्च 2024) के नियम और शर्तों को स्वीकार करने के लिए अपनी पुष्टि और इसका सम्मान और पालन करने के लिए सहमति देता हूं।

---

**आपूर्तिकर्ता**

---

**हस्ताक्षर**

---

**शीर्षक**

---

**दिनांक**

# संदर्भ

SGS ने इस संहिता को तैयार करने में निम्नलिखित संदर्भों से परामर्श किया है:

**इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्री आचार संहिता**

www.eicc.info/eicc_code.shtml

**सुरक्षा और स्वास्थ्य में आईएलओ व्यवहार संहिता**

www.ilo.org/public/english/protection/safework/cops/english/ download/e000013.pdf

**आईएलओ अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानक**

www.ilo.org/public/english/standards/norm/whatare/fundam/index.htm

**ISO 26000**
**ISO 14001**

www.iso.org

**बहुउद्देशीय उद्यमों केलिए ओईसीडी दिशानिर्देश**

www.oecd.org

**OHSAS 18001 - ISO 45001:2018**

www.bsi-global.com/index.xalter

**भ्रष्टाचार केखिलाफ संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन**

www.unodc.org/unodc/en/corruption/index.html?ref=menuside8

**संयुक्त राष्ट्र वैश्विक समझौता**

www.unglobalcompact.org

**व्यवसाय और मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शन सिद्धांत**

http://www.ohchr.org/Documents/Publications/GuidingPrinciplesBusinessHR_EN.pdf

**मानवाधिकारों की सर्वव्यापी घोषणा**

www.un.org/Overview/rights.html

**SGS संवहनीयता नीतियां**

http://www.sgs.com/en/Our-Company/Corporate-Sustainability/Reports-and-Policies.aspx

**SGS अखंडता संहिता**

http://www.sgs.com/en/Our-Company/Compliance-and-Integrity/Code-of-Integrity.aspx

**When you need to be sure**

© SGS Société Générale de Surveillance SA. (2024) 630254

sgs.com